उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,पिकप भवन तृतीय तल,

गोमती नगर, लखनऊ-226010

संख्या-44 सूचना/3-विज्ञापन अनुभाग/2016/3-परीक्षा/2016

लखनऊ : दिनांक 09 अप्रैल,2016

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या- 03-परीक्षा/2016 के अंतर्गत आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन **ग्राम विकास अधिकारी**, वेतन बैंड रु० **5200 – 20200/- ग्रेड पे- 2000/-** , के कुल **3133** (स्थायी) पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

आयोग के उक्त विज्ञापन द्वारा ग्राम विकास अधिकारी (सामान्य चयन) परीक्षा 2016 के अंतर्गत विज्ञापित ग्राम विकास अधिकारी पदों पर चयन हेतु आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम विकास अधिकारी पद हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम निम्नवत है:-

ग्राम विकास अधिकारी पद हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम

चरण	विषय	प्रश्नों की संख्या	अंक	समयावधि
प्रथम चरण	भाग—1, हिन्दी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता	30	30	एक घण्टा तीस मिनट
	भाग—2, सामान्य बुद्धि परीक्षण	20	20	
	भाग—3, सामान्य जानकारी	30	30	
	योग—	80	80	
द्वितीय चरण	साक्षात्कार	—	20	
	कुल योग	—	100	

पाठ्यक्रम

भाग—1 हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता—

इस भाग में अभ्यर्थियों से हिन्दी भाषा के ज्ञान तथा समझ एवं लेखन योग्यता से संबंधित प्रश्न पूंछे जायेंगे। यह प्रश्न पत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल/उसके समकक्ष परीक्षा के स्तर का होगा।

भाग—2, सामान्य बुद्धि परीक्षण—

इस भाग में अभ्यर्थी से किसी नई परिस्थिति को समझने, उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण तथा पहचान करने तथा तर्क करने की योग्यता की जानकारी से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। इस भाग में ऐसे प्रश्न भी होंगे, जो अनुदेशों को समझने, संबंधों, समानताओं तथा संगतताओं का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने तथा बौद्धिक कियाओं से संबंधित होंगे।

भाग—3, सामान्य जानकारी—

इस भाग में अभ्यर्थियों से उसके चारों ओर के वातावरण के संबंध में सामान्य जानकारी रखने, समाज में उनकी उपयोगिता से संबंधित प्रश्न पूंछे जायेंगे। इस भाग में ऐसे प्रश्न भी रखे जायेंगे, जिससे अभ्यर्थी की समसामयिक घटनाओं, प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने वाले अनुभवों, तथ्यों (ऐतिहासिक एवं भौगोलिक) के ज्ञान की जानकारी हो सके। तथ्यों आदि के वैज्ञानिक पहलुओं का ज्ञान आंकने, वन, पर्यावरण एवं जलवायु से संबंधित प्रश्नों के साथ—साथ इस भाग में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रश्न भी रखे जायेंगे।

सचिव

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

लखनऊ